आकाशवाणी श्री विजयपुरम

30.04.2025 समय : 1850

- भारत में पहला ऑडियो विजुअल और एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स–2025 कल से मुंबई में शुरू हो रहा है।
- श्री विजयपुरम में सर्वाइकल कैंसर पर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।
- सामुदायिक विकास खंड की ओर से हट बे में तीन दिवसीय एस एच जी मेला सम्पन्न।
- द्वीपसमूह में कल से समुद्री शंखों और मोलस्क के संग्रहण पर पूरी तरह प्रतिबंध।

<><><><><><>

भारत में पहला ऑडियो विजुअल और एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स–2025 कल से मुंबई में शुरू हो रहा है। इसका आयोजन जिओ वर्ल्ड् कन्वेंनशन सेंटर में होगा। यह सम्मेलन श्रव्य–दृश्य तथा मनोरंजन उद्योग के भविष्य के बारे में चर्चा के लिए वैश्विक मंच प्रदान करेगा। इसमें उभरते रचनाकारों के लिए कई संवादात्मक सत्र आयोजित होंगे तथा कहानी कहने के नए प्रारूपों को प्रदर्शित किया जाएगा।

<><><><><><>

भारतीय स्टेट बैंक और इनर व्हील क्लब ने अरूण अस्पताल के सहयोग से सर्वाइकल कैंसर पर जागरूकता शिविर आयोजित किया। गर्ल्स स्कूल में आयोजित इस शिविर का उद्‌देश्य महिलाओं मे सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना है। इस अवसर पर अरूण अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञा डॉ. सुमन लकड़ा ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में जानकारी दी और उसके रोकथाम के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कैंसर से बचाव के लिए टीके उपलब्ध है। टीके लगवाने में क्लब की ओर से आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी। शिविर में इच्छुक प्रतिभागियों ने टीके लगवाने के लिए पंजीकरण भी करवाए।
शिविर में लगभग पांच सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><>

11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा। इस सिलसिले में स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के आयुष विंग ने आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। यह प्रशिक्षण 3 मई तक जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के सभागार में दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें जेएनआरएम के सेना और नौसेना विंग के एनसीसी कैडेट भाग ले रहे हैं।

<><><><><><>

भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ की त्रिवार्षिक अधिवेशन हाल ही में आयोजित हुई। राजस्थान में आयोजित अधिवेशन में राष्ट्रीय महामंत्री ने भारत में हुई गतिविधियों की महामंत्री रिपोर्ट के साथ अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की रिपोर्ट भी पेश की गई। भारतीय मजदूर संघ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीता चौबे ने नारी शक्ति पर तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एम.पी. सिंह ने संगठन की कार्यप्रणाली, सदस्यता और गतिविधियों आदि पर प्रशिक्षण प्रदान किया। अधिवेशन के समापन पर एम.पी. सिंह ने आगामी 3 वर्षों के लिए नई समिति की घोषणा की, जिसमें अंडमान निकोबार राज्य कर्मचारी संघ के एस. बीजू पिल्लई

और जयदीप कुमार डे को राष्ट्रीय सचिव और राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य के रूप में राष्ट्रीय समिति में शामिल किया गया।

<><><><><><><>

दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लिटिल अंडमान के सामुदायिक विकास खंड की ओर से हट बे में तीन दिवसीय एस एच जी मेला आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को अपने हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित करने और बेचने, स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने और नए व्यवसाय उद्यमों के गठन को प्रोत्साहित करने के लिए एक मंच प्रदान करना था। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रमुख एस. परमनाथन ने किया। यह कार्यक्रम बीडीओ बेल्थाज़र के नेतृत्व में आयोजित किया गया। खंड विकास अधिकारी ने आकाशवाणी के साथ बातचीत में इस मेले के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।
एसएचजी सदस्यों के लिए उनके हस्तनिर्मित उत्पादों, ताजे खाद्य पदार्थों और हस्तशिल्प को प्रदर्शित करने और बेचने के लिए कुल 17 स्टॉल लगाए गए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह समुद्री मत्स्य पालन नियम के अनुसार द्वीपसमूह में बंद मौसम घोषित किया गया। इस दौरान समुद्री शंखों और मोलस्क के संग्रहण पर पूरी तरह रोक रहेगी। ये प्रतिबंध कल पहली मई से तीस सितम्बर तक प्रभावी रहेगा। ये प्रतिबंध समुद्री जैव–विविधता के संरक्षण और टिकाऊ मत्स्य व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगाया गया है। मध्योत्तर अंडमान के ऐसे सभी संबंधित मछुआरों से घोषित सत्र के दौरान समुद्री शंख निकालने की मनाही की गई है।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने आज नई दिल्ली में गृह मंत्रालय में गृह सचिव गोविंद मोहन से मुलाकात की। बैठक में श्री रे ने द्वीपसमूह से संबंधित विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को गृह सचिव के समक्ष उठाया। सांसद ने बताया कि मंत्रालय के ध्यान में लाए गए मामलों पर सक्रियता से विचार किया जा रहा है और इन मुद्दों पर कार्रवाई में तेजी लाने का आश्वासन दिया गया।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान में ज़िला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की। श्रीभाष दास को मध्योत्तर अंडमान ज़िला परिषद का अध्यक्ष और आर. माधवन को उपाध्यक्ष चुना गया। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य और पूर्व अध्यक्ष विशाल जॉली ने चुनाव जीतने पर उन्हें बधाई दी।

<><><><><><><>

कार निकोबार में हो रही लगातार बारिश के कारण सवाई गांव में मुख्य सड़क के किनारे एक हाई–टेंशन बिजली लाइन पर नारियल का पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने के कारण यातायात में बाधा उत्पन्न हुई। सूचना मिलते ही अग्नि एवं आपातकालीन सेवा विभाग ने मौके पर पहुंचकर पेड़ को काटकर हटाया और यातायात तथा बाधित बिजली आपूर्ति दोनों को बहाल करने में मदद की। विभाग ने निवासियों से सतर्क रहने और किसी भी खतरे की तुरंत रिपोर्ट करने का आग्रह किया है।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग की ओर से द्वीपसमूह के सभी नौ शैक्षणिक अंचल क्षेत्रों में स्कूली छात्रों के लिए निःशुल्क शतरंज समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। 5 मई से 4 जून तक चलने वाली इस पहल का उद्देश्य बच्चों को शतरंज की मूल बातें सिखाना है। यह कैंप द्वीपसमूह में चयनित स्थानों पर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस समर कैंप से न केवल छुट्टियों के दौरान बच्चे विभिन्न गतिविधियों में भाग ले सकेंगे, बल्कि इससे बच्चों में शतरंज के प्रति रुचि भी पैदा होगी। इससे भविष्य में बच्चों को अंतर–विद्यालय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। कैम्प में भाग लेने के इच्छुक छात्रों और अभिभावकों को तीन मई तक अपने–अपने स्थलों पर नामित समन्वयकों से संपर्क कर पंजीकरण कराने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए शिक्षा निदेशालय के खेल अनुभाग से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>